**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 26.07.2026** **समय : 18.30 पीएम**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम–2026 के तहत राजस्थान सहित देशभर के प्रतिभागियों से संवाद किया।**
- **प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे अभियान कैच द रेन का जिक्र करते हुए इसमें लोगों की भागीदारी को सराहा।**
- **करगिल विजय दिवस पर देश–प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से वीर शहीदों को नमन किया गया।**
- **राजस्थान रोडवेज के बेडे में 144 नई बसें शामिल–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर के हीरापुरा टर्मिनल से हरी झण्डी दिखाई।**

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम बहुत विशेष है। इसके माध्यम से हमारे देश के युवाओं को सीमावर्ती गांवों की संस्कृति और वहां की चुनौतियों तथा रहन–सहन के बारे में जानने का मौका मिलता है। आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम–2026 के प्रतिभागियों से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सीमावर्ती गांवों में स्थानीय लोगों में देश प्रेम का विशेष जज्बा देखने को मिलता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व कर रहे 400 से अधिक युवाओं ने प्रधानमंत्री से संवाद किया और अपने अनुभव सुनाए। राजस्थान के जालौर से माय भारत वॉलन्टियर सुनील कुमार ने भी अपना अनुभव साझा करते हुए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया।

.........................

विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम प्रतिभागियों को भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों के सामाजिक–आर्थिक परिदृश्य, सांस्कृतिक विरासत और विकास की आकांक्षाओं से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराता है, साथ ही सामुदायिक भागीदारी, राष्ट्रीय एकता और सीमावर्ती गांवों के रणनीतिक महत्व की गहरी समझ को बढ़ावा देता है। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम के लिए प्रतिभागियों का चयन देशव्यापी ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता के माध्यम से किया गया, जिसमें तीन लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत रक्षा निर्यात, राजनीतिक सहयोग और मित्र देशों के मामले में लगातार नई उंचाइयां छू रहा है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी तकनीकी क्षमता लगातार बढ़ा रहा है। दुनिया का भरोसा भारत के रक्षा उपकरणों और तकनीक पर बढ़ रहा है । उन्होंने कहा कि पिछले रविवार को विक्रम–वन के सफल प्रक्षेपण ने हर भारतीय को गौरवान्वित किया है। यह भारत के निजी क्षेत्र का पहला रॉकेट है। प्रधानमंत्री ने करगिल विजय दिवस पर आज वीर सैनिकों का स्मरण किया और कहा कि यह दिन देशवासियों को अपने बहादुर सैनिकों के असाधारण शौर्य की याद दिलाता है।

....................

प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि मॉनसून का समय जल संरक्षण के लिए सर्वोत्तम है। सरकार द्वारा विशेष अभियान भी चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कैच द रेन अभियान का जिक्र किया और लोगों द्वारा इसमें बढ–चढकर भाग लेने के प्रयास को सराहनीय बताया।

....................

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ दिन पहले ग्लासगो में शुरू हुए राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल खिलाड़ियों का पूरा देश उत्साहवर्धन कर रहा है। पीवी सिंधु जापान ओपन बैडमिंटन में खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाडी बनी। श्री मोदी ने गणेश उत्सव के दौरान सभी से प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों के स्थान पर मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं की पूजा करने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि देशभर में 7 अगस्त को 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' मनाया जाएगा। ये दिन देश के बुनकरों के कौशल और रचनात्मकता के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने हस्तकला को प्रोत्साहित कर, बुनकरों को सम्मान देने की भी अपील की। प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि ये दिन हर भारतीय के लिए गर्व का दिन है।

..................

श्री मोदी ने सभी से हमेशा की तरह 15 अगस्त से पहले मॉय गोव पोर्टल पर अपने विचार और सुझाव साझा करने का आग्रह किया।

000

प्रदेश में भी मन की बात कार्यक्रम को लेकर उत्साह नजर आया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर के सांगानेर में आदिवासी महिलाओं के बीच 'मन की बात' के 136वें एपिसोड को सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने पाली में मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस मौके पर विभिन्न जनप्रतिनिधि और आमजन मौजूद रहे। राज्य के अन्य स्थानों पर भी मन की बात कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक सुना गया।

000

करगिल विजय दिवस पर आज देश–प्रदेश में वीर शहीदों को नमन् किया जा रहा है। इस अवसर पर 1999 के करगिल युद्ध में देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वीर सैनिकों को नमन करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सैनिकों का अद्वितीय शौर्य, अटूट संकल्प और देशभक्ति भारतीय सशस्त्र बलों की उत्कृष्ट परंपरा का उदाहरण है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि करगिल युद्ध भारतीय सेना के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। इधर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि करगिल विजय दिवस केवल सैन्य विजय का स्मरण नहीं बल्कि राष्ट्र की अस्मिता, अखण्डता और सम्प्रभुता की रक्षा के लिए भारतीय सैनिकों द्वारा किये गये सर्वोच्च बलिदान और अदम्य साहस को नमन् करने का पावन अवसर है। श्री बागडे करगिल विजय दिवस के उपलक्ष में जोधपुर में क्रीडा भारती की ओर से आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर 16 वीर सैनिकों और वीरांगनाओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इधर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वीर सैनिकों को श्रद्धाजंलि देते हुए कहा कि इन वीर जवानों की शहादत और निष्ठा पर हर भारतीय को गर्व है। उनकी वीरता की गाथाएँ हमेशा भावी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी। इस मौके पर आज जयपुर स्थित अमर जवान ज्योति पर अमर सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। विधानसभा में करगिल शौर्य वाटिका में निर्मित स्मारक स्थल पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को नमन् किया। झुन्झुनू, चूरू, भरतपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में कारगिल शहीद दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा, सम्मान समारोह, संगोष्ठी सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए।

0000

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज शिक्षा मंत्री का कार्यभार संभाला। धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कल उन्हें नया शिक्षा मंत्री बनाया गया था। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री जोशी ने नई जिम्मेदारी सौंपने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट किया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर के हीरापुरा बस टर्मिनल से रोडवेज की 144 नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता का संदेश देते हुए सड़क सुरक्षा अग्रदूत महिलाओं को हेलमेट भी वितरित किए। उन्होंने प्रदेशवासियों से यातायात नियमों का पालन करने तथा दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की अपील की। मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनकल्याण से जुड़े प्रत्येक क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में लगातार सार्वजनिक परिवहन सेवा का विस्तार किया जा रहा है, ताकि आमजन को सुरक्षित, सुलभ और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध हो सके।

.........................

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सांसद मंजू शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

000